# कार्यालय अधिष्ठाता

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

Website- www.datiamedicalcollege.com & E mail Id- datiamedicalcollege@gmail.com

पता– 29 बटालियन के पास, एन.एच. 44, जिला दतिया, म.प्र. पिनकोड – 475661, टेलीफोन नं. 07522–234001


पत्र क्रमांक – 3394/स्था./द.चि.म./2023 दतिया, दिनांक – 08/05/2023

## //विज्ञप्ति//

म.प्र. शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ 2–06/2018/1–55 भोपाल, दिनांक 20.04.2018 द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया में गैर शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम–2018 होकर संचालक, चिकित्सा शिक्षा, भोपाल के पत्र क्रमांक 521/स्था./अराज/2019 भोपाल, दिनांक 10.05.2019 द्वारा प्राप्त गैर शैक्षणिक अनुसूचियों के आधार पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया की कार्यकारिणी बैठक दिनांक 23.11.2022 में लिए गये निर्णय अनुसार चिकित्सा महाविद्यालय दतिया हेतु अनुभवी गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की आवश्यकता को देखते हुए गैर शैक्षणिक संवर्ग के पदोन्नति वाले रिक्त पदों (स्टेनोग्राफर, स्टोर कीपर एवं असिस्टेंट लाईब्रेरियन) पर पदोन्नति का रोस्टर अपनाकर सीधी भर्ती के माध्यम से पदोन्नति के पद की अर्हताओं को पूर्ण करने वाले पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन आमंत्रित करने हेतु म.प्र. के 13 शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों एवं म.प्र. के पूर्ण शासकीय विभागों में कार्यरत् गैर शैक्षणिक संवर्ग के नियमित पात्र स्थायी कर्मचारियों हेतु विज्ञप्ति जारी कर पद पूर्ति किया जाना है। अतः आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 25/05/23 सांय 05.00 बजे तक अधिष्ठाता कार्यालय शा.चि.म. दतिया में आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया में जमा कराए जा सकते हैं आवेदन पत्र के बंद लिफाफे पर स्पष्ट रूप से शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया म.प्र. में गैर शैक्षणिक संवर्ग हेतु आवेदन एवं आवेदित पद का नाम का उल्लेख किया जाना अनिवार्य है। किसी भी परिस्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतिम तिथि तक प्राप्त होने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र में से पात्र अभ्यर्थियों के मूल दस्तोवेजों के परीक्षण की तिथि एवं साक्षात्कार/परीक्षा की तिथि पृथक से महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं अधिकृत वेवसाईट के माध्यम से प्रकाशित की जावेगी।

1. कुल रिक्त पद संख्या – 04

| कं. | पदनाम | 7वां वेतनमान मेट्रिक्स अनुसार | पदोन्नति रोस्टर का वर्गीकरण | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अजजा | अजा |
| 1. | स्टेनोग्राफर | 28700/– | 01 | – | – |
| 2. | स्टोर कीपर | 25300/– | 02 | – | – |
| 3. | असिस्टेंट लायब्रेरियन | 22100/– | 01 | – | – |

**1–समय–समय पर महगांई भत्ता, अन्य भत्ते और अन्य लाभ शासन नियमानुसार लागू होगें। नियुक्त कर्मचारी पर नवीन पेंशन योजना शासन के आदेशानुसार प्रभावी होगी।**

**2–चुकिः पद की पूर्ति करने हेतु चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय गैर शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 के अंतर्गत किया जाना है एवं विज्ञापित पद चिकित्सा महाविद्यालय हेतु स्वीकृत किए गये है इसलिए सर्वप्रथम म.प्र. के समस्त 13 चिकित्सा महाविद्यालयों में उपरोक्त पदोन्नति के रिक्त पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों पद पूर्ति की जावेगी तत्पश्चात् पात्र उम्मीदवार न होने की दशा में म.प्र. के अन्य पूर्ण शासकीय विमागों में कार्यरत् पात्र कर्मचारियों के आवेदनों को सम्मिलित कर पद पूर्ति की जावेगी।**

2. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र. | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1- | स्टेनोग्राफर | 1. अभ्यर्थी ने हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण की हो।<br>2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पत्रोपाधि/प्रमाण –पत्र हो।<br>3. मान्यता प्राप्त संस्था से स्टेनोग्राफर की परीक्षा 100 शब्द प्रति मिनिट की गति से उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र।<br>4. म.प्र. शासन द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाण पत्र (सी.पी.सी.टी.) परीक्षा आवश्यकतानुसार हिन्दी अथवा अंग्रेजी अथवा दोनों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य।<br>5. स्टेनो टायपिस्ट के पद पर 05 वर्ष का कार्यानुभव |
| 2- | स्टोर कीपर | 1. अभ्यर्थी ने हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण की हो।<br>2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पत्रोपाधि/प्रमाण –पत्र हो।<br>3. म.प्र. शासन द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाण पत्र (सी.पी.सी.टी.) परीक्षा हिन्दी टंकण के साथ उत्तीर्ण।<br>4. लेखा परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक।<br>5. सहायक वर्ग–3 के पद पर 05 वर्ष का कार्यानुभव। |
| 3- | असिस्टेंट लायब्रेरियन | 1. अभ्यर्थी ने हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण की हो।<br>2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर एप्लीकेशन नें पत्रोपाधि/प्रमाण –पत्र हो।<br>3. म.प्र. शासन द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाण पत्र (सी.पी.सी.टी.) परीक्षा हिन्दी टंकण के साथ उत्तीर्ण।<br>4. डाक्यूमेन्टलिस्ट के पद पर 05 वर्ष का कार्यानुभव। |

Scanned by TapScanner

3. आरक्षण :–

पदों पर आरक्षण मध्यप्रदेश शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार होगा।
उक्त पदों पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी पदोन्नति रोस्टर लागू किया गया है।
उक्त पदों हेतु आरक्षण केवल ऐसे अभ्यर्थियों पर लागू होगा, जिनका जाति प्रमाण पत्र मध्यप्रदेश राज्य के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी किया गया हो।
शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा मध्यप्रदेश का मूल निवासी प्रमाण पत्र।
जाति एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र डिजिटल होना अनिवार्य।

**4. आयुसीमाः–न्यूनतम आयु–25 वर्ष, अधिवार्षिकी आयु–62 वर्ष (आयु गणना–01.01.2023 के आधार पर की जावेगी)**

**5. सामान्य शर्तेः–**

i. शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया द्वारा आवश्यकता अनुसार उक्त पदों की संख्या में वृद्धि/कमी की जा सकती है।
ii. एक बार इस महाविद्यालय में चयन होने के उपरांत किसी भी स्थिति में अन्य महाविद्यालय/विभाग में स्थानातंरण नहीं किया जावेगा।
iii. शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया किसी भी समय किसी भी स्तर पर आंशिक या पूर्ण विज्ञप्ति या भर्ती प्रक्रिया को बिना किसी कारण रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
iv. चयन प्रक्रिया संबंधी किसी भी विवाद में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
v. नियुक्ति संबंधी कोई भी विवाद माननीय उच्च न्यायालय, ग्वालियर तक ही सीमित होगा।
vi. ऐसे आवेदक जिनको दिनांक 26.01.2001 तथा उसके बाद तृतीय बच्चे का जन्म हुआ हो, चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होगें।
vii. वैवाहिक स्थिति–एक से अधिक विवाह किये गये उम्मीदवार पात्र नहीं होंगे, अगर प्रथम विवाह से विच्छेद न हुआ हो अथवा मृत्यु न हुई हो।
viii. चयन सूची तैयार करते समय यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते हैं तब अधिक आयु के आवेदक को प्राथमिकता दी जावेगी।
ix. आवेदन करने के पूर्व आवेदक विज्ञापन का गहन अध्ययन कर लेवें।
x. सेवा की अन्य शर्ते नियुक्ति पत्र में दर्शाए अनुसार बंधनकारी होगी।
xi. आवेदक को म.प्र. में कार्यरत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के मूल नियोक्ता से अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा संलग्न निर्धारित प्रपत्र में अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
xii. आवेदक को पद से निर्धारित समस्त अर्हताऐं विज्ञापन जारी होने की दिनांक तक पूर्ण करना अनिवार्य है।

6. **चयन प्रक्रिया–**

आवेदन पत्र आमंत्रित कर समस्त आवेदनों पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया की कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 23.11.2022 में लिए गये निर्णय अनुसार गैर शैक्षणिक आदर्श सेवा भर्ती नियम–2018 की कंडिका–7 के अनुसार कार्यकारिणी की बैठक में अनुमोदित प्रोरेटा अनुसार आयोजित किया जावेगा जो कि निम्न अनुसार है।

**स्टेनोग्राफर**

| स. क्र. | हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) (अधिकतम अंक प्राप्तांक के 10% = 10/100) (अधिकतम अंक 10) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्युटर एप्लीकेशन में पत्रोपाधी/प्रमाणपत्र (अधिकतम अंक 10) | सी.पी.सी.टी. हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो में (अधिकतम अंक 10) | मान्यता प्राप्त संस्था से स्टेनोग्राफर की परीक्षा 100 शब्द प्रतिमिनिट की गति से उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र (अधिकतम अंक 10) | स्टेनोटाइपिस्ट के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष का कार्य अनुभव पश्चात् 02 अंक प्रतिवर्ष (अधिकतम अंक 20) | लिखित परीक्षा/शीघ्रलेखन परीक्षा/टाइपिंग दक्षता (अधिकतम अंक 20) | सक्षात्कार एवं (अधिकतम अंक 20) | कुल अंक (100) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

**स्टोर कीपर**

| स. क्र. | हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) (अधिकतम अंक प्राप्तांक के 20% = 20/100) (अधिकतम अंक 20) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्युटर एप्लीकेशन में पत्रोपाधी/प्रमाण –पत्र (अधिकतम अंक 20) | सी.पी.सी.टी. हिन्दी टंकण (अधिकतम अंक प्राप्तांक के 15% = 15/100) (अधिकतम अंक 20) | लेखा परीक्षा उत्तीर्ण सहायक वर्ग – 3 कर्मचारी द्वारा सहायक वर्ग–3 के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष का कार्य अनुभव पश्चात् 02 अंक प्रतिवर्ष (अधिकतम अंक 20) | सक्षात्कार (अधिकतम अंक 20) | कुल अंक (100) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**असिस्टेंट लायब्रेरियन**

| स. क्र. | हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) (अधिकतम अंक प्राप्तांक के 20% = 20/100) (अधिकतम अंक 20) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्युटर एप्लीकेशन में पत्रोपाधी/प्रमाण –पत्र (अधिकतम अंक 20) | सी.पी.सी.टी. हिन्दी टंकण (अधिकतम अंक प्राप्तांक के 15% = 15/100) (अधिकतम अंक 20) | डाक्यूमेन्टलिस्ट के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष का कार्य अनुभव पश्चात् 02 अंक प्रतिवर्ष (अधिकतम अंक 20) | सक्षात्कार (अधिकतम अंक 20) | कुल अंक (100) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Scanned by TapScanner

7. अनर्हतायें :–

निम्नलिखित मामलों में उल्लंघन करने वाले आवेदकों का अभियोजन किया जा सकेगा और/या चयन के लिये उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी और/या उसे या तो स्थायी रूप से या विशिष्ट अवधि के लिये विवर्जित कर दिया जाएगा:–
जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिये भर्ती में किसी भी तरीके से समर्थन प्राप्त किया हो या इसके लिये प्रयास किया हो या प्रतिरूपेण (इम्परसोनेशन) किया हो या कराया हो।

कूटरचित दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किये हों जिनमें फेरबदल किया गया हो।
चयन के किसी भी स्तर पर भर्ती हेतु दिये गये किसी भी आवेदन/प्रपत्र/अनुप्रमाणन/दस्तावेज में असत्य जानकारी दी हो या सारभूत जानकारी छिपाई हो।

भर्ती के लिये कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो।
चयन प्रकिया में लगे कर्मचारियों/अधिकारियों को परेशान किया हो या धमकाया हो या शारिरिक क्षति पहुॅंचाई हो या किसी तरीके से दुर्व्यवहार किया हो।
आवेदकों को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के नियम के अनुसार नियुक्ति के लिये वह उम्मीदवार अपात्र होगा जो निम्न में से कोई हो :–

अ. उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसके पहले से ही एक पत्नी जीवित हो। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाए कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।
ब. जो शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य नहीं पाए गए।
स. जिसकी दो से अधिक संतान है जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ है परन्तु निरर्हित नहीं होगा यदि एक संतान से जीवित रहते आगामी प्रसव में दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है।
ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।
विकृत चित्त वाला होने पर/दुश्चरित्र होने पर/शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्यबोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।
जिस आवेदक ने न्यूनतम निर्धारित आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो उसे इन पदों पर चयन हेतु योग्य नहीं माना जावेगा।

**8. आवेदन शुल्कः–**

| क्रं. | श्रेणी | शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित वर्ग | कुल – 1000/– |
| 2 | आरक्षित वर्ग | कुल – 700/– |

**आवेदन शुल्क डी.डी. (डिमान्ड ड्राफ्ट) के माध्यम से देय होगा। Demand Draft – Government Medical College Autonomous Society Datia M.P. के नाम से देय होगा।**

**9. आवेदन कैसे करें:–**

i. कृपया आवेदन पत्र भरने से पहले सावधानीपूर्वक निर्देशों को पढ़ लें।
ii. आवेदन के साथ समस्त दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।
iii. जन्मतिथि के समर्थन में हाई स्कूल परीक्षा मार्कशीट/सर्टिफिकेट/जन्मप्रमाण पत्र।
iv. 12 वीं कक्षा की अंकसूची।
v. आवेदित पद हेतु निर्धारित अर्हता अनुसार अंकसूची/पदोपात्री/प्रमाण पत्र/कार्य अनुभव प्रमाण पत्र।
vi. डिजिटल मूल निवासी प्रमाण पत्र।
vii. फोटो पहचान प्रमाण पत्र।
viii. उम्मीदवार का नवीन फोटो एवं हस्ताक्षर।
ix. डिजिटल जाति प्रमाण पत्र। (आवश्यकतानुसार)
x. संबंधित म.प्र. के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र अथवा आवेदन की पावती

**10. महत्वपूर्ण टीप :–**

यह उम्मीदवारों के हित में है कि वह शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया की वेबसाईट https://datiamedicalcollege.com/ का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं व निर्देशों पर ध्यान देवें। यदि आवेदक समय–समय पर महाविद्यालय द्वारा जारी महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं निर्देशों का अवलोकन करने में असफल होता है तो उसकी दावेदारी मान्य नही की जावेगी। साथ ही आवेदक द्वारा आवेदन पत्र सही भरा जाना चाहिए एवं किसी भी प्रकार की जानकारी को छिपाया नहीं जाना चाहिए। यदि भविष्य में पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार का चयन उसके द्वारा प्रस्तुत गलत जानकारी के आधार पर हुआ है तो ऐसे उम्मीदवार की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त की जा सकेगी एवं तदनुसार उसके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। नवीन सूचनाओं हेतु शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया की वेबसाईट https://datiamedicalcollege.com/ का अवलोकन निरंतर करते रहें।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

Scanned by TapScanner

# //अनुभव प्रमाण–पत्र का प्रारूप//

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु.......................................................................................................... पदनाम............................................के पद पर .................................................................. विभाग, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय – ..........................................में निम्नानुसार नियमित रूप से कार्यरत है–

| क्र. | कर्मचारी का नाम | पदनाम | अनुभव | |
|---|---|---|---|---|
| | | | कब से | कब तक |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |

1–उक्त कर्मचारी के विरूद्ध वर्तमान में जांच/न्यायालयीन प्रकरण लंबित है–हॉ/नहीं.......................................... यदि हां, तो विवरण दें.........................................................................................................................................

....................................................................................................................................................................

2–उक्त कार्यावधि में उक्त कर्मचारी को कभी कोई भी किसी भी प्रकार की जांच/न्यायालयीन प्रकरण में दंडित किया गया है – हॉ अथवा नहीं –.............................. यदि हां तो विवरण देवें.........................................

....................................................................................................................................................................

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर
पदमुद्रा सहित

Scanned by TapScanner

# शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

............................................ पद हेतु आवेदन

1. विज्ञापन क्रमांक ............................................दिनांक..............................
2. आवेदक का पूरा नाम (उप नाम सहित) ............................................
3. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित) :– ............................................
4. जन्म तिथि............../............../..............
   (सत्यापन हेतु प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
5. आयु:– वर्ष.........माह............दिन...........(दिनांक 01.01.2023 स्थिति में)
6. वर्तमान निवास का पूर्ण पता तथा पिन कोड एवं मो. नं. एवं ई मेल आई डी :–..............................
   ............................................
7. स्थाई निवासी का पूर्ण पता तथा पिन कोड :–............................................
   ............................................
8. विवाहित होने की स्थिति में विवाह की तिथि............................................
9. जीवित संतानों की संख्या ............................................
10. शैक्षणिक योग्यता :– (विज्ञापन अनुसार पद हेतु उल्लेखित समस्त अर्हता परीक्षाओं की जानकारी)

| क्र. | परीक्षा का नाम | महाविद्यालय का नाम | वर्ष | विषय | श्रेणी | प्राप्तांक/पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| 3. | | | | | | |
| 4. | | | | | | |
| 5. | | | | | | |
| 6. | | | | | | |
| 7. | | | | | | |
| 8. | | | | | | |
| 9. | | | | | | |

11. आवेदन शुल्क का विवरण –
    – डी.डी. क्रमांक ............................ दिनांक ........................ बैंक का नाम ............................

12. निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करें :–

| क्र. | दस्तावेजों का विवरण | (हां/नही/लागू नहीं) |
|---|---|---|
| 1. | 10वीं बोर्ड परीक्षा अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 2. | 12वीं बोर्ड परीक्षा अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 3. | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पत्रोपाधि/प्रमाण –पत्र। | |
| 4. | मान्यता प्राप्त संस्था से स्टेनोग्राफर की परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र। | |
| 5. | म.प्र. शासन द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाण पत्र (सी.पी.सी.टी.) परीक्षा आवश्यकतानुसार हिन्दी अथवा अंग्रेजी अथवा दोनों में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र। | |
| 6. | सक्षम अधिकारी द्वारा जारी कार्यानुभव का प्रमाण पत्र– निर्धारित प्रारूप में | |
| 7. | लेखा परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र | |
| 8. | आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 9. | सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. के मूल/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 10. | सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति–प्रमाणपत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 11. | निर्धारित आयु के पूर्व विवाह न होने तथा 26/01/2021 के पश्चात् तीसरी संतान न होने का स्वघोषित शपथ–पत्र (यदि लागू हो तो) | |
| 12. | अनापत्ति प्रमाण पत्र। | |
| 13. | डिमांड ड्राफ्ट | |

स्थान :–
दिनांक

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

Scanned by TapScanner

# / /<u>प्रमाण–पत्र</u>/ /

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि उपरोक्त जानकारी मेरे द्वारा दी गई है वह पूर्णतः सत्य है, जानकारी असत्य पाये जाने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यावाही की जा सकेगी।

**आवेदक का पूरा नाम**
**एवं हस्ताक्षर**

**स्थान :–**

**दिनांक**

*Scanned by TapScanner*